स्वायत्त पहल

[सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM)](#) पर **"स्टार्ट-अप्स, वीमेन एंड यूथ एडवांटेज थ्रू ई-ट्रांज़ैक्शन" (SWAYATT)** को बढ़ावा देने की पहल **"SWAYATT"** की सफलता की याद में हाल ही में नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन किया गया।

स्वायत्त पहल:

- **परिचय:**
  - यह पहल **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा फरवरी 2019 में प्रारंभ की गई थी।**
  - यह **भारतीय उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख हितधारकों** को राष्ट्रीय खरीद पोर्टल के साथ सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर एक साथ लाता है।
- **अब तक की प्रगति:**
  - **व्यापार के अवसरों में वृद्धि:** GeM पोर्टल पर पंजीकृत किये गए **सूक्ष्म और लघु उद्यम** (Micro and Small Enterprises- MSEs) की संख्या 8.5 लाख से अधिक है जिसमें उन्होंने 68 लाख से अधिक ऑर्डर प्राप्त किये और इससे 1.87 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ।
  - **महिला सशक्तीकरण:** 1.45 लाख से अधिक महिला MSE ने 15,922 करोड़ मूल्य के 7.32 लाख ऑर्डर पूरे किये हैं।
  - **SC/ST को सशक्त बनाना:** लगभग 43000 SC/ST MSE ने अब तक GeM पोर्टल पर 2,592 करोड़ मूल्य के 1.35 लाखसे अधिक ऑर्डर डिलीवर किये हैं।
  - **किसानों को बाज़ार की सुविधा**: 105 किसान उत्पादक संगठन अब 200 से अधिक कृषि उत्पादों को **GeM** के माध्यम से सीधे सरकार को बेच सकते हैं।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस

- GeM एक ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म है जिसे वर्ष 2016 में सरकारी मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (Public Sector Undertakings- PSU) आदि द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की सुविधा हेतु स्थापित किया गया था।
- **इसकी परिकल्पना भारत के राष्ट्रीय खरीद पोर्टल के रूप में की गई है।**
- इसे राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न (इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) के तकनीकी समर्थन के साथ **आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) द्वारा विकसित किया गया है।**
- यह आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (Directorate General of Supplies and Disposals- DGS&D),**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।**
- GeM पूरी तरह से पेपरलेस, कैशलेस और सिस्टम संचालित ई-मार्केटप्लेस है जो**न्यूनतम मानव इंटरफेस के साथ सामान्य उपयोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद को सक्षम बनाता है।**

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swayatt-initiative